>

Title: Need to run train No. 22481/22482 (Jodhpur-Delhi) on daily basis and extend it upto Haridwar in Uttarakhand.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : मेरे संसदीय क्षेत्र को जोड़ने वाली गाड़ी संख्या 22481/22482 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला वाया तरनगढ़ सप्ताह में दो दिन चलने वाली सुपरफास्ट गाड़ी को प्रतिदिन चलाते हुए इसके हरिद्वार तक विस्तार की मांग काफी समय से की जा रही है, इस रेल बजट में मेरे क्षेत्र के लोग बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन इस गाड़ी को शामिल नहीं किया गया है । यह एक महत्वपूर्ण रेल गाड़ी है, आमान परिवर्तन से पूर्व जोधपुर से दिल्ली चलने वाली इस गाड़ी को उत्तर रेलवे की सबसे अच्छी गाड़ी होने का गौरव प्राप्त था , लेकिन आमान-परिवर्तन के कारण यह गाड़ी काफी समय तक बंद रही है, अब इसे सप्ताह में दो ही दिन चलाया जा रहा है, जनता की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए इसे प्रतिदिन चलाते हुए इसका विस्तार हरिद्वार तक किया जाए ।